दैनिक भास्कर अजमेर 07-01-2025

हिन्दुस्तान जिंक: विंटर कैंप से 1700 से अधिक विद्यार्थियों ने उठाया लाभ

अजमेर | हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से आयोजित शिक्षा पर केंद्रित शिक्षा संबल परियोजना के शीतकालीन शिविर में ग्रामीण इलाकों के वंचित लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शिविरों में प्रदेश के 6 जिलों के 47 राजकीय विद्यालयों के पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को शामिल किया गया। विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, अजमेर और भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। कंपनी ने ग्रामीण बच्चों के बाल्यावस्था के विकास को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान और उत्तराखंड में 1400 से अधिक नंद घर स्थापित किए हैं, जिससे 2.5 लाख से अधिक महिलाएं और बच्चे लाभान्वित हुए हैं।